# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग
## सकारण आदेश

सकारण आदेश संख्या–14 / अ0प्र0–14–57 / 2026 6188 / पटना, दिनांक– 19/5/26

संवेदक गुलाब खान (Reg. No. 2170295/2170788), पताः–लक्ष्मी सागर, कोतवाली भौवारा, जिला–मधुबनी, पिन कोडः–847212 को कार्य प्रमंडल, पुपरी के अधीन MMGSY (SC) योजनान्तर्गत **PWD Road Bajpatti Got to Bajpatti Tola** पथ का निर्माण कार्य आवंटित किया गया। एकरारनामा संख्याः– **179/SBD/2021-22** के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि 28.03.2022 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 27.03.2023 था।

उक्त संवेदक द्वारा संदर्भित पथ का निर्माण कार्य पूर्ण किये जाने हेतु कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, पुपरी द्वारा लिखित एवं मौखिक निर्देश दिये जाने के उपरान्त भी कोई अभिरूचि नहीं ली गई।

तद्‌लोक में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, पुपरी के कार्यालय आदेश संख्याः–978 दिनांक 25.04.2025 द्वारा एकरारनामा संख्याः–**179/SBD/2021-22** को विखंडित करते हुए संवेदक को विभागीय कालीसूची में सम्मिलित करने हेतु उचित माध्यम से अनुशंसा उपलब्ध करायी गयी।

उक्त अनुशसां के आलोक में विभागीय पत्रांक 2269 दिनांक 19.02.2026, एवं पत्रांक 3533 दिनांक 19.03.2026 द्वारा संवेदक गुलाब खान (Reg. No. 2170295) से स्पष्टीकरण की माँग की गयी, जो अब तक अप्राप्त है। इससे स्पष्ट होता है, कि संवेदक को अपने पक्ष में कुछ नहीं कहना है।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में विभागीय समीक्षोपरान्त बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) की अधिसूचना संख्या–8123 दिनांक 19.12.2007 की कंडिका 11(क) (vi) एवं कंडिका 11(ख) (ii) के आलोक में संवेदक गुलाब खान (Reg. No. 2170295/2170788), पताः–लक्ष्मी सागर, कोतवाली भौवारा, जिला–मधुबनी, पिन कोडः–847212 के निबंधन संख्याः– 2170295/2170788, **PAN No. CMNPK3718G** को कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

14/05/2026

(सुधीर कुमार)
अभियंता प्रमुख

निबंधित

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–57 / 2026 6188 / पटना, दिनांक– 19/5/26

प्रतिलिपि– संवेदक गुलाब खान (Reg. No. 2170295), पताः–लक्ष्मी सागर, कोतवाली भौवारा, जिला–मधुबनी, पिन कोडः–847212 को सूचनार्थ प्रेषित।

14/05/2026

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–57 / 2026 6188 / पटना, दिनांक– 19/5/26

प्रतिलिपि–प्रधान सचिव / सचिव / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधान विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग / उर्जा विभाग / कृषि विभाग, बिहार, पटना / पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना / सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियता / सभी कार्यपालक अभियंता / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

14/05/2026

अभियंता प्रमुख

P.T.O

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–57/2026 6188 /पटना, दिनांक–19/5/26

प्रतिलिपि– सचिव के प्रधान आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

14/05/2026

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–55/2026 6188 /पटना, दिनांक–19/5/26

प्रतिलिपि– नोडल पदाधिकारी, निबंधन, ग्रामीण कार्य विभाग/प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14 एवं प्रशाखा में कार्यरत सभी सहायक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

14/05/2026

अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–57/2026 6188 /पटना, दिनांक–19/5/26

ebsite

प्रतिलिपि– आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है इस पत्र को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करा दिया जाय।

14/05/2026

अभियंता प्रमुख